प्रेस नोट

03.04.2026

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना जरिया का किया गया आकस्मिक निरीक्षण।

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आज दिनांक 03.04.2026 को थाना जरिया का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला एवं साइबर हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, ई-मालखाना, मैस तथा परिसर में स्थापित सीसीटीवी प्रणाली का सूक्ष्म अवलोकन कर अभिलेखों की गुणवत्ता व अद्यतन स्थिति का परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए स्वच्छ एवं नागरिक-अनुकूल वातावरण बनाए रखने पर बल दिया गया।

महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के दृष्टिगत महिला एवं साइबर हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 व cybercrime.gov.in के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान थाना जरिया के चौकीदारों के साथ भी संवाद कर उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर संदिग्ध व्यक्तियों/गतिविधियों की सूचना समय से उपलब्ध कराने, ग्रामीणों से समन्वय बनाए रखने एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अंत में प्रभारी निरीक्षक थाना जरिया सहित समस्त पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करते हुए उनकी शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण किया जाए।

REBORN
CLASSIC

मिशन शक्ति

जरिया जनपद